सफलता की कहानी

मानव जीवन विकास समिति द्वारा द हंगर प्रोजेक्ट भोपाल के सहयोग से पंचायत महिला जनप्रतिनिधियों के उनके अधिकार व कार्य को वास्तविक रूप देने समिति ने कटनी जिले के बड़वारा ब्लॉक की 40 पंचायतों मे 350 पंचायत महिला जनप्रतिनिधियों के साथ काम करना प्रारम्भ किया जिसके साथ ही अनगिनत उपलब्धिया सामने आयी है। जनप्रतिनिधियों को समय समय पर उनके क्षमतावर्धन हेतु बैठक, प्रशिक्षण व संवाद स्थापित करने का काम भी किया है। यही ही नही बल्कि उन्हे आगे बढ़ाने की दिशा और भी अन्य प्रकार के भी प्रयास किये गये जैसे जागरूकता कार्यक्रम चलाना व एक्सपोजर विजिट कराना ताकि जनप्रतिनिधियों का क्षमतावर्धन हो सके। हम आपको बताना चाहेंगे की कटनी जिले के बड़वारा ब्लॉक मे 66 ग्राम पंचायत है जिसमे से 40 पंचायत मे हम महिला जनप्रतिनिधियों के साथ काम कर रहे है जिसमे से जिन 16 पंचायत मे हमारा काम नही था उन पंचायत के विकास कार्यो पर प्रशासन का प्रश्न उठता था की बांकी की पंचायत मे काम ज्यादा हो रहे है आपकी पंचायत मे क्यों काम नही हो रहे है। ऐसे मे पंचायत मुखियाओं ने प्रशासन को बताया की बांकी की 40 पंचायत मे मानव जीवन विकास समिति संस्था जनप्रतिनिधियों के साथ काम कर रही है उसी का नतीजा है वहां की जनप्रतिनिधियों अधिक जागरूक है। अपने अधिकारों को निकटता से देख पायी है और जागरूक होने का परिणाम है उन पंचायतों मे अधिक काम हो रहे है। सरकार द्वारा किसी भी प्रकार का ऐसा प्रयास बिलकुल नही किया जाता है जिससे जप्रतिनिधि को जानकारी हो जाये और निडरता से काम पंचायत मे करा पाये। महिला जननप्रतिनिधियों द्वारा अपने पंचायतीराज कार्यकाल के 5 साल मे अपने तय बिन्दुओं के अनुसार अपने पंचायत मे काम करा पाये। संस्था को पंचायत स्तरीय काम कराने का जनप्रतिनिधियों का बहुत बहुत धन्यवाद् भी प्राप्त हुआ।

ipk;r efgyk tuifrfuf/k;k d lg;kx l lfefr dk egRoi.k miyfC/k;k jgh g &

¼1½

Ukke – श्रीमती तुलसा बाई

Ikn –सरपंच

Ikrk – ग्राम लखाखेरा, पोस्ट बड़वारा, जिला कटनी (म0प्र0)

me – 55

'k{kf.kd ;kX;rk – साक्षर

Tkkfr /वर्ग – भूमिया (एस.टी.)

Ikkfjokfjd i"BHkfe ¼D;k ifjokj dk dkbl lnL; jktuhfr e Fkk@g vk; dk lk/ku]

fdruh tehu g – विस्तृत जानकारी) निम्न प्रकार है– इनके परिवार का कोई भी सदस्य राजनीति में नही था परन्तु पति पिछले दो पंचवर्शीय में सरपंच रह चुके थे। आय के साधन में 3 एकड़ जमीन व मजदूरी करना है।

fdru cPp g ¼yMdk@yMdh – उनके शिक्षण की स्थिति) –1 लड़का है कक्षा 4 में पढ़ता है।

pquko yMu dh ij.kk dgk l feyh@D;k dkj.k jgk – स्वीप अभियान के तहत बिलायतकलां में महिला सम्मेलन आयोजित होने कारण वहां उपस्थित जनसमुदाय व कार्यकर्ताओं के द्वारा, तुलसा बाई का कहना था कि पति पंचायत चला सकते है तो मैं क्यों नही।

Ekfgyk tuifrfuf/k d :Ik e miyfC/k;k –

- 0;fDrxr Lrj ij & आत्मबल में प्रभाव पड़ा है, गांव वालों का पूरा–पूरा समर्थन रहा स्वयं पंचायत संचालन की भूमिका चलाई।
- Ikkfjokfjd Lrj ij – तुलसा बाई को परिवार का अच्छा सहयोग प्राप्त हुआ जिससे अपने सोंच को आगे बढ़ाते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकी। पति और बच्चों का सहयोग रहा।
- Lkkeqnkf;d Lrj ij – समुदाय मे अच्छा व्यवहार होने के कारण इनको पंचायत मे सरपंच पद के लिए लोग प्रेरित कर रहे थे। जैसा की इनके परिवार से पति पूर्व मे सरपंच रह चुके थे और अपने कार्यकाल मे अच्छा काम किया है।

- *0;fDrxr l'kfDrdj.k &* तुलसा बाई के पास जमीन 3 एकड़ है वे मजदूरी करने जाती थी मानव जीवन विकास समिति के सम्पर्क मे आने से विलायतकलां में महिला सम्मेलन में भाग ली, तभी से मन बना लिया की मै सरपंच बनूंगी अपने पंचायत का विकास करूंगी। एक अच्छी महिला होने के कारण वह सरपंच बन गई।

** Bku yh gS d:xh ** LoPN o vkn'kZ vkxuokMh 2010

पंचायत में महिला आरक्षण की बात सुनकर लोगों के मन में अनेक सवाल हुआ करते थे, कहते थे कि अब महिला पंचायत चलायेगी, ये खाक चलायेंगी, महिलाओं को अपने आपको तो चलाना आता नहीं पंचायत कैसे चलायेंगी। तुलसा बाई के सामने बहुत बड़ी चुनौती थी उसने 2010 में स्वीप कैम्पेन के दौरान सभा में सबके के सामने उसने ऐलान किया कि, सरपंची का चुनाव मैं लडूॅंगी और तुलसाबाई ने सरपंची की जीत हासिल किया, लखाखेरा पंचायत में पहली बाद आदिवासी महिला सरपंच बनी । तुलसा बाई को संस्था मानव जीवन विकास समिति द्वारा इन्दौर प्रशिक्षण में जाने का अवसर मिला जब इन्दौर प्रशिक्षण से वापस लौटी तो सबसे पहले पंचायत भवन के सामने बनी ऑगनबाडी को बदलने कि योजना बनायी क्योंकि प्रशिक्षण के दौरान बच्चों एवं ऑगनबाडी से संबंधित जानकारी मिली थी । उसने ऑगनबाडी भवन कि मरम्मत कराकर चित्र पेंटिग पोषण आहार पर निगरानी एवं भवन में किचन गार्डन बनाने के लिए पंचायत को प्रोत्साहित किया और सुन्दर ऑगनबाडी बनवाया जिसमें बच्चें स्वच्छ एवं सुन्दर बने।

fgalk dks f[kykQ efgykvksa dk la?k"kZ 2012

कटनी जिले के बड़वारा ब्लॉक के *y[kk[ksjk iapk;r eqa /kuokjk xkao* की घटना है। बहादुर सिंह गोंड़ की पत्नि चंदा बाई को बहादुर सिंह का छोटा भाई यानि की चंदा बाई का देवर कालू सिंह ने जमीनी विवाद को लेकर काफी दिनों से लड़ाई झगड़ा तो चल ही रहा था लेकिन इसी बीच एक दिन की बात है चंदा बाई अपने खेत मे थी और कालू सिंह की गाय चंदा बाई की खेत मे आ गई जिसकी खबर कालू सिंह को दिया गया और कहा गया कि अपने पशु की व्यवस्था करो जिससे दूसरे के खेत मे न जाय ऐसा सुनकर कालू सिंह ने चंदा बाई के साथ मारपीट करने लगा यह घटना *25 vizSy 2012* की थी। इस घटना को लेकर चंदा बाई ने रिपोर्ट दर्ज कराई लेकिन पुलिस ने नही पहुंची और न ही किसी प्रकार से कोई कार्यवाही किये। इस बात को दूसरे दिन चंदा बाई ने सरपंच तुलसा बाई को बताई की मेरे देवर कालू सिंह ने मेरे साथ मारपीट किया है और पुलि कोई कार्यवाही नही किये। जैसे ही तुलसा बाई सरपंच को पता चला वैसे ही सरपंच ने *lk>k eap dh efgykvksa ¼jkeseyh [kkl] dkfyUnzh] flfe;k] eqUuh ckbZ] iku ckbZ] 'kkUrh ckbZ] rqylk ckbZ½* के साथ इकट्ठा हुए साझा मंच की सातों महिलाओं ने मिलकर पुलिस थाना बड़वारा पहुंची और पीड़ित महिला की जानकारी थाना प्रभारी से की और पूंछताछ भी की फिर यह भी बताया गया की आपको इस घटना की खबर तो 25 तारीख को हो गई है फिर आपने क्यों नही गये इस घटना की जानकारी लेने क्या आपने कालू सिंह से घुंस ले ली है यदि आपको इसकी कोई कार्यवाही नही करनी है तो आप हमें अभी बताये इस घटना को हम मीडिया को बतायेंगे और अपनी बात को ऊपर तक पहुंचा कर हल करायेंगे। तब थाना प्रभारी ने हल कराने को कहा। इस घटना को सुनते ही थाना प्रभारी ने पुलिस को भेजकर कालू सिंह से एवं चंदा बाई दोनो से पूंछताछ किया और कालू सिंह को तुरन्त *lsUVj tsy f>a>jh dVuh* भेज दिया। इस प्रकार से समस्या का हल साझा मंच की महिलाओं ने किया है।

Rkqylk ckbZ dh lQyrk & fuesZy xzke iapk;r cuh 2013

कटनी जिला मुख्यालय से 31 कि0 मी0 की दूरी पर बड़वारा जनपद पंचायत के अन्तर्गत लखाखेरा पंचायत है। पंचायत चुनाव 2010 की प्रक्रिया प्रारम्भ हुई जिसमें तुलसा बाई ने अपने समर्थकों के साथ फार्म दाखिल किया, इनके साथ 9 अन्य महिलायें उम्मीदवार खड़ी हुई थी परन्तु अपनी वाकपटुता के कारण चुनाव मे 397 बोट पाकर अपने निकटतम उम्मीदवार से 93 बोट ज्यादा पाकर विजयी घोषित की गई। सरपंच बनने के बाद पंचायत विकास की

ललक आयी कुछ समय के बादमानव जीवन विकास समिति व द हंगर प्रोजेक्ट के कार्यकर्ताओं के सम्पर्क मे आने के बाद चार चांद लग गये और अपने महिला अधिकार को समझने के प्रयास से अच्छे तन मन से काम को कर रही है सरपंच तुलसा बाई को भले ही पंचायत सम्बन्धी पूरी जानकारी नही है लेकिन वे पंचो एवं गांव वालों की मदद से अपनी पंचायत लखाखेरा को *fuely xke* पंचायत बनाने का सपना देखा था वह आज पूरा हो गया है लखाखेरा पंचायत निर्मल ग्राम पंचायत बनी। तुलसा बाई का कहना है कि मेरे ग्राम पंचायत मे जो भी काम प्रस्तावित है उन्हे पूरा कराने मे कोई कसर नही रखूंगी साथ ही गांव की महिलाओं की समस्याओं को जनपद से जिला स्तर तक जाकर हल करूंगी गांव की महिलाओं का जबरदस्त संगठन बनाकर महिला अधिकारों का उपयोग करूंगी अपने हक की लड़ाई करूंगी।

तुलसा बाई ने अपने पंचायत के विकास के लिए काफी रूची लेती है शासन की कल्याणकारी योजनाओं को गांव के हर पात्र व्यक्ति को अवश्य दिलाऊंगी जनपद एवं जिला के अधिकारियों से सम्पर्क स्थापित कर योजना का लाभ दिलाया। गांव के 44 हरिजन परिवार को पेंशन दिलाने का कार्य किया, नैगवां गांव मे बिजली उपलब्ध कराया, 12 कुपोषित बच्चों को पोषित कराया, 5 गरीब परिवार को इन्दिरा आवास दिलाया, लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत 7 बच्ची को लाभ दिलाया, तालाब निर्माण का कार्य कराया। पंचायत के धनवारा गांव मे पेय जल हेतु तीन हैण्ड पम्प लगवाये गये तथा पंचायत मे 6 बिगड़े पड़े हैण्ड पम्पों को सुधरवाया गया अब पंचायत को मॉडल के रूप मे बनाने के लिए तन मन से संघर्षरत है। तुलसा बाई गॉव के विकास की बात सोंचकर पूरी पंचायत को निर्मल पंचायत बनाया जिसके चलते मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा 14 फरवरी 2013 को निर्मल पंचायत का पुरूष्कार तुलसा बाई को दिया गया, जिसमें एक लाख रूपये सील्ड एवं प्रस्तुती पत्र भेट किया गया । आवार्ड लेने के समय तुलसा बाई अपनी संगठन का परिचय जागृति महिला पंच सरपंच संगठन कि महिलाओं एवं अन्य महिलाओं को बुलाकर मुख्यमंत्री जी से परिचय कराया । मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी ने कहा कि घर को सुन्दर बनाने वाली महिला पंचायत को सुन्दर बनाती है 66 पंचायतों के बीच आज लखाखेरा पंचायत को निर्मल पंचायत का आवार्ड दिया गया इसमें तुलसा बाई आदिवासी महिला का योगदान है, तुलसा बाई को मैं धन्यवाद देता हूँ ।

** *vukt Cyldey e jkd* ** 2013

लखाखेरा पंचायत में राशन दुकान में गरीबी रेखा का राशन मिल रहा है था । चन्दा बाई लखाखेरा पंचायत के नैगवॉ गॉव की महिला है जो राशन लेने लखाखेरा पहुँची, सेल्समेन देवानन्द गुडादेवरी का लेकिन वह बडवारा में रहता है देवानन्द राशन बॉट रहा था । चन्दा बाई नैगवॉ से 5 किलोमीटर दूर लखाखेरा राशन दुकान में 10 जून 2013 को सेल्समेन देवानन्द से बोली की मुझे राशन दे दो तो सेल्समेन ने कहा कि अभी गेंहू नहीं है बाद में ले जाना । चन्दा बाई देख रही थी की लखाखेरा ग्राम पंचायत का ललित तिवारी 02 बोरा गेंहू ले जा रहा था वो भी बिना कार्ड के जिसके पास 08 एकड जमीन है । चन्दा बाई ने कहा कि मुझे राशन क्यों नहीं देते मेरे पास राशन कार्ड है जिसके पास राशन कार्ड नहीं उसे आप 02 बोरा गेंहू देते हो । सेल्समेन देवानन्द ने बताया कि ललित तिवारी लखाखेरा का दबंग आदमी है यदि मैं उसे राशन नहीं दूँगा तो वो मुझे मारेगा, इसलिए मुझे राशन देना पड रहा है । चन्दा बाई ने कहा कि तुम उस आदमी से इतना डरते हो और गरीबों को राशन नहीं देते हो अब मैं समझ गई । चन्दा बाई सरपंच तुलसा बाई के पास आई और सेल्समेन की पूरी हकीकत बताई तो तुलसा बाई सरपंच ने सभी महिला पंचों को बुलाया और राशन दुकान में जाकर पंचनामा बनवाया और डीलर से बोली की मैं आपकी शिकायत अभी थाना एवं जनपद में करती हूँ कि तुम गरीबों का अनाज गरीबो को नहीं बल्कि बडे एवं दबंग लोगों को देते हो । सेल्समेन बोला की मुझे एक बार माफ कर दो मैं अब ऐसा नहीं करूँगा, मेरी शिकायत कहीं मत करो मैं आज के बाद सबको राशन समय से दूँगा आप मेरी शिकायत न करो और चन्दा बाई को एक महीने का गेंहू चॉवल दिया गया और चन्दा बाई की समझ कामयाब हुई, चन्दा बाई ने अपने अधिकार की लडाई जिस समझदारी से लडी वह अपने अधिकार में कामयाब रही ।

ngt iFkk 2013 & 2014

लखाखेरा पंचायत में दलित, आदिवासी, सामान्य एवं पिछडावर्ग के लोग रहते हैं, लेकिन दलित परिवार के लोग रहते हैं उसी पंचायत में सरपंच तुलसा बाई आदिवासी अपने परिवार के साथ रहती है । पढी लिखी नही है लेकिन उसको अपने आप में बडा भरोसा है अपना काम करने में । तुलसा बाई सरपंच के घर से कुछ दूर दलित परिवार का घर है जिसके परिवार में चार लोग रहते हैं *jk/kk ckb] Qypun] cVk dky ,o cVh juk* है, राधा बाई अपने परिवार के साथ खुशी से रहती थी वह खेती का काम अपने परिवार के साथ करती थी राधा बाई ने अपने बेटे कालू की शादी *fnukd 03@05@2013* में किया जबलपुर महराजपुर में बहु का नाम प्रीति था राधा बाई ने कुछ जेवर बनवाया था अपनी बहु के लिये और अपनी लडकी रैना बाई के लिये, बहु जब ससुराल गई तब बहुत अच्छे से रहने लगी एक वर्ष तक उस परिवार के साथ हिलमिल गई कुछ दिन बाद प्रीति जब वापस अपने मायके जबलपुर आई और अपने माता पिता से कहा मेरी सास के पास बहुत जेवर है अभी रखा है। बहू की मॉ ने कहॉ तुम इस बार जाना तो अपना जेवर मेरे पास रखकर जाना जिससे उसका जेवर तुमको फिर मिल जायगो प्रीति ने वैसे ही किया जब वह अपने ससुराल दुबारा *1 tu 2014* को आई *y[kk[kjk* तब अपना पूरा जेवर अपनी मां के पास रख आई जब उसकी सास ने कहा बहू तुम्हारा जेवर कहा गया तब वह झुलसकर बोली रखा है पेटी में प्रीति ने अपनी मॉ को फोन कर झूठे सास को फंसाने मे लगी ।

प्रीति की मॉ ने कहा तुम दहेज प्रथा रिपोर्ट कर दो उसमे लिखवा दो कि मेरे पति मुझे बहुत मारता पीटता है और कहता है कि ससुराल वाले मुझे दहेज मै कुछ नही दिये है तुम यहां से भाग जाओ मै तुम्हे नही रखूंगा अगर यहां रहोगी तो मै तो तुम्हें जान से मार डालूंगा। इस प्रकार से ससुराल वाले ने अपनी लड़की से रिपोर्ट मे लिखवा दिया और लड़की से कहते है कि जब सब जेल जायेगें तभी समझ में आयेगा । प्रीति ने ऐसा ही किया अपनी मॉ के कहने पर क्योकि उनको जेवर का लोभ था जब सभी लोग खेत चले गये तब प्रीति ने मौका देखा और कटनी जाकर *7 tu 2014* को थाने में रिपोर्ट कर दी अपने पति सास ससुर एवं ननद के प्रति रिपोर्ट लिखवा दिया । कुछ देर बाद पुलिस आई और चारो लोगों को उठाकर ले गई । अब मामला दहेज प्रथा का कटनी की पुलिस थी चारो लोग बिना कसूर के थाने में बन्द हो गये *?kVuk 7 tu 2014* की है । जब इस घटना का पता *ljip ryl k ckb* को चला तो उसने चार पड़ोसी महिलाओं को तैयार किया और कटनी गई, महिला गॉव की थी रामकली बाई, शान्ति बाई, मुन्नी बाई, पान बाई एवं सरपंच तुलसा बाई चारो महिलाओं को लेकर वह कटनी थाने पहुॅच गई, और थानेदार से बोली की आप उन चारो लोगों को छोड दो जो लखखेरा से दहेज प्रथा केस मे आये है उनकी कोई गलती नहीं है, बहु ने झूठा रिपोर्ट लिखवाया है क्योंकि वह अपने जेवर अपने माता पिता को दे दिया है और ससुराल में लडाई करती है दूसरा जेवर मॉगने के लिये, राधा मेरे मुहल्ले की रहने वाली है मैं उसको अच्छी तरह से जानती हूॅ और उसके पड़ो मे रहने वाली चार अन्य महिलाऐं भी है जो सब कुछ जानती है कि लड़का लड़ाई नही करता है उसकी पत्नि ही लड़ाई करती रहती है। थानेदार साहब ने बोला की हम लोग नहीं छोड सकते हैं केस हाईकोर्ट तक चला गया है, आप लोग वकील से मिलकर वकील से समझ लो। तुलसा बाई वकील के पास उन महिलाओं के साथ गई, और कहा की सर जी हम लोग उनकी जमानत के लिये आये हैं वकील ने कहा आप लोग क्यों इनकी जमानत कराने आये है तुलसा बाई ने कहा कि मैं इनकी जमानत इसलिए करवाने आई हूॅ कि इन चारो की कोई गलती नही है इनकी बहू गहनों के लालच में इनको बन्द करवा दिया है दहेज प्रथा का अरोप लगाकर मैं सच कहती हूॅ । मैं उसी पंचायत की सरपंच हूॅ मेरा भी कर्तव्य है न्याय दिलाना मैं अन्याय नहीं होने दूॅगी । तब वकील को तुलसा बाई की बातों पर बडा भरोसा हुआ उसने चारों लोगों को जेल से रिहा कर दिया *fnukd 8@7@2014* को तुलसा बाई चारो लोगों की जमानत करवा कर घर लेकर आई अब वह पत्नि भी समझ गई की मेरा नही चलने वाला है पति से व्यवहार पूर्वक रहने लगी।

---//---//--

¼2½

ljiap का नाम – श्रीमती *iHkk flag*

xkze iapk;r पथवारी, *Cykd* बड़वारा *ftyk* कटनी (म0प्र0)

me 30 वर्ष ,

Ikn –सरपंच
Ikrk – ग्राम पंचायत पथवारी, ब्लॉक बड़वारा, जिला कटनी (म0प्र0)
me – 32
'kS{kf.kd ;kX;rk – 8वीं
Tkkfr / वर्ग – गोंड़ (एस.टी.)
Ikkfjokfjd i"BHkfe ¼D;k ifjokj dk dkbZ lnL; jktuhfr eas Fkk@gS vk; dk lk/ku] fdruh tehu gS – विस्तृत जानकारी) निम्न प्रकार है– इनके परिवार का कोई भी सदस्य राजनीति में नही था पति पंचायत सचिव है जो कि दूसरी पंचायत मे पदस्थ है। काम की जानकारी रखने मे माहिर है प्रभा सिंह। स्वयं की 4 एकड़ जमीन है उसी मे खेती होती है ।
pquko yMus dh izj.kk dgka ls feyh@D;k dkj.k jgk – चुनाव मे खड़े होने के लिए स्वयं से प्रेरित होकर उन्होन मन बनाया और गांव मे अच्छा विकास कार्य करने का सोचा।

Ekfgyk tuizfrfuf/k dh :Ik esa miyfC/k;ka –

- *O;fDrxr Lrj ij &* आत्म विश्वास बढ़ा गांव वालों का पूरा–पूरा समर्थन रहा स्वयं पंचायत संचालन की भूमिका चलाई।
- *Ikkfjokfjd Lrj ij* – परिवार मे पति का सहयोग तो नही मिल रहा था लेकिन सास ससुर का अच्छा सहयोग प्राप्त हो रहा था।
- *Lkkeqnkf;d Lrj ij* – समुदाय का अच्छा सहयोग रहा सरपंच पद के लिए लोग प्रेरित कर रहे थे। समुदाय को विश्वास था की प्रभा पढ़ी लिखी है वह अपने पंचायत का अच्छा विकास करेगी।
- *O;fDrxr l'kfDrdj.k &* पढ़ी लिखी होने के साथ स्वयं की समझदारी रखने वाली महिला है स्वयं से निर्णय लेकर काम करती है एक अच्छी महिला होने के कारण वह सरपंच बन गई।

Ekfgyk 'kfDr tkxr gqbZ 2010

ग्राम पंचायत पथवारी की सरपंच प्रभा सिंह अपने परिवार के साथ रहती है इनके पास एक बच्ची है। प्रभा सिंह ने अपने प्रचार प्रसार के लिए घर–घर जाकर किया जिससे कि *200 erks ls fot;h gqbZ* प्रभा सिंह का स्वाभाव अच्छा एवं सीधा साधा है यह आठवीं कक्षा तक पढ़ी है प्रभा सिंह अपने पंचायत एवं गांव की विकास की बात हमेशा करती रहती है और साथ मे महिला जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक और मीटिंग कर वार्ड की समस्या को ग्राम सभा बैठक के माध्यम से हल कराने को तैयार रहती है सभी महिला जनप्रतिनिधी ग्राम सभा मे आवश्य जाये वार्ड की हर समस्या को ग्राम सभा मे रखे ताकि समस्या का हल हो सके सभी को शासन की योजनाओं का लाभ मिले।

अभी कुछ दिन पहले की बात है प्रभा सिंह सरपंच एवं पंचायत की अन्य जनप्रतिनिधि महिलाओं ने मानव जीवन विकास समिति द्वारा आयोजित पत्रकारवार्ता कटनी मे सम्मिलित हुई पथवारी की महिलाओं ने जनपद मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं इंजीनियर से बहुत ही परेशान थी क्योकि काम तो हो जाता था लेकिन काम का मजदूरी भुगतान नही होता था पंचायत की कोई एक महिला जाकर बोलती थी तो *lh-bZ-vks-* भगा देता था लेकिन पत्रकारवार्ता कटनी से

लौटने के बाद सभी महिलाओं ने साथ मे सी.ई.ओ. के पास गये और भुगतान के सम्बन्ध मे बोली तभी सी.ई.ओ. ने जांच कराने को कहा लेकिन महिलाओं ने मानी क्योंकि ऐसा तो हर बार बोलकर काम को टाल देता है उन्होने कहा कि आज आपको काम का भुगतान करना होगा नही तो हम यहा से हटेंगे नही और न ही आपको हटने देंगे। दो दिन बाद काम की जांच हुई और जांच कर तुरन्त सरपंच के हाथों बकाया राशि का चैक दे दिया।

o"k 2010 e ग्राम पंचायत पथवारी की सरपंच प्रभा सिंह अपने नजदीकी उम्मीदवार से 200 मतों से विजयी प्राप्त कर सरपंच बनी। हुई प्रभा सिंह का स्वाभाव अच्छा एवं सीधा साधा है यह आठवीं कक्षा तक पढ़ी है प्रभा सिंह अपने पंचायत एवं गांव की विकास की बात हमेशा करती रहती है और साथ मे महिला जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक और मीटिंग कर वार्ड की समस्या को ग्राम सभा बैठक के माध्यम से समस्या हल कराने को तैयार रहती है सभी महिला जनप्रतिनिधी ग्राम सभा मे आवश्य जाये वार्ड की हर समस्या को ग्राम सभा मे रखे ताकि समस्या का हल हो सके सभी को शासन की योजनाओं का लाभ मिले।

o"k 2011 e जिला कलेक्टर ने पथवारी मे पहुंचे सरपंच एवं गांव की जनता ने कलेक्टर महोदय से निवेदन किया कि हमारे पंचायत मे पानी की बहुत गम्भीर समस्या है जिसे कलेक्टर महोदय ने तुरन्त दो हैण्डपम्पों की मंजूरी दे दी जिससे दो दिन के अन्दर हैण्डपम्प लगवाया गया यह वार्ड नं. 5 और वार्ड नं. 9 मे लगे है।

vo/k dCtk gVku e vge Hkfedk 2012

पथवारी पंचायत की सरपंच प्रभा सिंह चुनाव जीतकर आई जो कि अनुसूचित जनजाति की महिला है यह सीधा साधा स्वभाव वाली महिला है गांव के लोग ने तो सरपंच बनाया है लेकिन इसे पंचायतीराज के बारे कुछ भी पता ही नही है कि हमे पंचायत के कामों को कैसे प्रस्ताव पारित करके काम को कराना है। लेकिन द हंगर प्रोजेक्ट के सम्पर्क मे आकर विभिन्न प्रकार की मीटिंग और बैठकों मे जाने से अपने तथा पंचायतीराज के बारे जानकारी प्राप्त हुई।

चूंकि पथवारी पंचायत मे महिला जनप्रतिनिधि पहली बार बनी। इसलिए विपक्ष के लोग जमकर विरोध करना भ्शुरू कर दिये। दबंगों लोगों का अत्यधिक दबाव पंचायत पर था। पंचायत के ही एक दबंग व्यक्ति राममिलन विश्वकर्मा ने सड़क को 20 साल से कब्जा किया हुआ था वह उस जगह को छोड़ नही रहा था लेकिन गांव के लोगों के द्वारा हकीकत बताने पर सरपंच प्रभा सिंह ने उसका विरोध किया उसे कहा कि आप इस रास्ते को छोड़ दो लेकिन उसने नही छोड़ा फिर उसके बाद प्रभा सिंह ने गांवों की एक बैठक बुलाई, और उस जगह को छोड़ने को कहते हुए नोटिस जारी करते हुए सूचित किया फिर भी राममिलन छोड़ने को तैंयार नही हुआ तब पंचायत की सभी महिला जनप्रतिनिधियों ने मिलकर उसका जमकर विरोध किये और उस जगह को पूरी तरह से कब्जा किये जिसमे गांव के अन्य व्यक्तियों ने भी अपना सहयोग दिया। अब उस जगह पर राममिलन का कब्जा पूरी तरह से हट चुका है जिसमे अब पंचायत का कब्जा हो चुका है।

?kjsyw fgalk ds fo:} iHkk flag us mBkbZ vkokt 2012

बडवारा मंगलभवन में 22/08/2012 को साझामंच की इन्टरफेश मिटिंग चल रही थी। बात आई घरेलू हिंसा पर उसी समय पथवारी सरपंच प्रभा सिंह ने अपने घर की बीती हुई बात सुना ही डाली अपने घर में पूरे परिवार के साथ रहने वाली गॉव की आदिवासी परिवार से ताल्वूक रखती है, परन्तु प्रभा सिंह की सरपंची एवं पढाई लिखाई व प्रशिक्षणों से गुजरी बाते उसे यह बात कहने का हौसला आफजाई हुआ। ऐसा कि प्रभा सिंह के पति के बड़े भाई उदयभान सिंह की भ्शादी श्रीमति लक्ष्मी बाई के साथ हुई है। इनके परिवार में पॉच लडकियॉ एक लडका है, विलायतकलॉ में ग्राम सेवक पद पर पिछले 15 वर्शों से कार्यरत है। परन्तु आज की चकाचौंध जिन्दगी से ओतप्रोत होने के बाद भ्शराब की लत लगने के बाद पी पीकर परेशान ड्यूटी पर पिछले 06 माह से नहीं जा रहे थे। घर में

पत्नी, बच्चे परेशान आमदानी का जरिया बन्द होते देख पत्नि पिछले कई वर्शो से परेशान थी पत्नि के साथ मारपीट की घटना होती रहती थी।

परन्तु दिनॉक 13/08/2012 की घटना उसके जिन्दगी में बदलाव ला दिया, उक्त दिनॉक को उदयभान सिंह ने जैसे ही शराब पीकर घर आये और पत्नि के साथ विवाद करने लगे और घसीट कर रोड में ले जाकर मारपीट करने लगे तभी घर की सदस्य होने के नाते और पंचायत की सरपंच होने के नाते प्रभा सिंह ने उसके पीछे हो लिया। परन्तु उसी समय देवरानी जेठानी के लगाव को देख पति के झगडे के बीच न पडने के लिये सास ने छोटी बहू प्रभा सिंह को मना किया बोली की उदयभान सिंह और उसकी पत्नि लक्ष्मी बाई के झगडे में तुम्हे क्या लेना देना, परन्तु प्रभा सिंह नहीं मानी और बोली यदि आपको कोई मारे और हम न बचाये तो आप को कैसा लगेगा।

यह कहकर प्रभसिंह रोड पर पहूुची जहॉ पर मारपीट हो रही थी। परन्तु सामाजिक बंधन को देखकर प्रभासिंह ने गॉव वालों, रोड में चलने वालों को रोक–रोक कर यह कहती रही कि इन्हे छुडा दो क्योंकि मेरे पति के बड़े भाई है जो कि सामाजिक बन्धनों के कारण मे उन्हें छू नही सकती। गॉव वालों के प्रयास के बाद आपसी झगडा कम हुआ, लक्ष्मी बाई ने यह कहना भुारूकर दिया कि मैं घर नहीं जाऊंगी यहीं पर मर जाऊंगी परन्तु प्रभासिंह यह कहते हुए अपनी जेठानी लक्ष्मी बाई को घर लाई कि 15 अगस्त को ग्रामसभा है हम वहॉ यह बात उठायेगें चलो थाने चलते है और रिपोर्ट लिखायेगें।

यह सुनकर जेठानी घर आ गई। घर में अपने पूरे परिवार के सदस्यों के साथ एक बैठक किया और बोली घरेलू हिसां पर हम प्रशिक्षण लिये हैं हम जानते है कानून क्या है। हमे पता है हम इस पंचायत की सरपंच है हमारी जिम्मेदारी बनती है महिलाओं व अन्य की रक्षा करना जबकि बडे दम के साथ यह कहा कि घरेलू हिंसा कानून में सबूत की जरूरत नहीं है आप जेल में जायेंगे इस बात को सुनकर घर के सदस्य थोडा सहमे आये और सब लोगों ने एक स्वर से उदयभान सिंह को कहा कि आप अपने मजदूरी पर जाये या घर छोड दे। और लक्ष्मी बाई ने चार दिन से कमरे में ही रही यह घटना सबको दुखित किया व थाना में एवं ग्रामसभा में बात रखने के प्रस्ताव को सुनकर उदयभान सिंह कहॉ कि मैं कल से अपनी नौकरी पर जाऊंगा और घर में ठीक से रहूॅगा।

15 अगस्त की ग्राम सभा मे इस बात को उठाया गया कि उदयभान सिंह ने अपने नौकरी को छोड़कर घर मे बेठे रहता है और दारू के नशा मे दिन रात भरा रहता है जिससे कि उसके परिवार के सभी लोगों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है यहां तक कि भोजन तक कि व्यवस्था नही हो पाती है तथा अपनी पत्नि को मारता डाटता रहता है। अब यह परेशानी पत्नि लक्ष्मी बाई से नही सहा जा रहा है। ग्राम सभा मे इस बात को निर्णय देते हुए बताया गया कि उदयभान सिंह आपको नौकरी पर जाना है और आज की तारीख से ही तुम अपनी पत्नि को नही मारना नही तो आपके विरूद्व कार्यवाही की जायेगी। तथा इस बात को उदयभान सिंह ने स्वीकार किया और जैसे ही 16 अगस्त आई और सुबह से ही तैयार होकर उदयभान सिंह ड्यूटी पर गये और पत्नि अपने बच्चों के साथ घर में रहने लगी।

vkf[kj cu gh x;k vkxuckMh Hkou 2013

बडवारा ब्लाक के पथवारी पंचायत के ग्राम टिकरिया स्थित है यहॉ जनसंख्या 288 है गॉव में आदिवासी समुदाय की बस्ती है कोल, गोड, एवं एक घर का आहीर और 2 घर के चौरसिया जाति के लोग निवास करते है । 15 साल से यहॉ ऑगनबाडी दयमन्ती बाई कोल के घर किराये से ऑगनबाडी लगता था, दयमन्ती बाई ऑगनबाडी सहायिका है । प्रभा सिह सरपंच ने चुनाव के समय सभी को वादा किया था कि इन बच्चों के लिए ऑगनबाडी जरूर बनवाऊॅगी अगर चुनाव जीती तो ।

1 tuojh 2013 dks ग्राम टिकरिया में ऑगनबाडी तैयार हो गया एवं वहॉ बच्चे ऑगनबाडी केन्द्र में पढने लगे, लेकिन ऑगनबाडी बनाने के पीछे प्रभा सिंह और महिला पंचों को बहुत संघर्श करना पडा । पहला ग्रामसभा में ऑगनबाडी का प्रस्ताव डाले तो सचिव इसका विरोध किया कि पहना ऑगनबाडी पथवारी में बनना चाहिये टिकरिया तो कोने में बसा है उसे कौन देखने आयेगा ।

यह बात प्रभा की टीम को बहुत बुरी लगी और उन्होंने कैसे भी प्रस्ताव डलवाकर ब्लाक से पास कराकर ऑगनबाडी स्वीकृत कराया लेकिन जनपद एवं सचिव कि मिलीभगत से काम पंचायत को न देकर *vkj0bZ0,l0 foHkkx* को दे दिया जिससे विभाग अपने ढंग से जैसा तैसा बनाकर देता, लेकिन जैसे ही पता चला कि ऑगनबाडी का काम पंचायत को नहीं *vkj0bZ0,l0 foHkkx* को दिया गया तो पंचायत में फिर बैठक किया गया और प्रस्ताव कि कापी एवं आवेदन लेकर पूरी महिलाऍ कलेक्टर के यहॉ गये और वहॉ लिखित लेकर जनपद को दिया गया जिससे जनपद द्वारा पंचायत को काम कराने की अनुमति दी गई।

तीन माह के अन्दर ऑगनबाडी बनाया गया और उद्घाटन ऑगनबाडी सुपरवाईजर, सरपंच और पूरे गॉव के लोग एवं सभी प्रतिश्ठित लोग आसपास के उनको बुलाया गया एवं गर्भवती महिलाओं कि गोदभराई एवं बच्चों का अन्नप्रशन किया गया । प्रभा सिंह सरपंच का कहना है कि हम लोग अपनी पंचायत को कुपोशण मुक्त पंचायत बनाना चाहते है, लेकिन कुपोशण को दूर सिर्फ ऑगनबाडी में मिलने वाली सुविधाओं से नहीं किया जा सकता बल्कि इसके लिए पूरे परिवार को जागरूक करना होगा ।

'kjkch ifr ls ij'kku efgyk dks lj{kk fnyk;k 2014

सरपंच श्रीमति प्रभा सिंह अनुसूचित जन जाति की महिला है । प्रभा सिह ट्रेनिंग प्रशिक्षणों के बाद अब वह बहुत जागरूक एवं जुझारू महिला है प्रभा सिंह ने बताया कि, मेरे ग्राम पंचायत में अनुसूचित जन जाति की महिला */kfu;k ckbZ* अपने बच्चें एवं पति के साथ अपने घर रहती है, धनिया के साथ उसका पति अच्छा व्यवहार नहीं रखता था, वह हमेशा दारू पीकर आता था और अपनी पत्नि एवं बच्चों के साथ मारपीट करता था 24 जनवरी को 08 बजे रात धनिया को बहुत जम से पिटाई किया इसके बीच धनिया को बचाने के लिए उसकी सास एवं घर के लोग दौडे उसको बहुत डाटा तो धनिया का पति स्वयं अपने ऊपर मिट्टी तेल डालकर आग लगा लिया और चॅदिया थाने में जाकर धनिया एवं अपने घर वालों के ऊपर रिपोर्ट को सुनते ही उसकी पत्नि धनिया बाई रोती चिल्लाती सुबह–सुबह प्रभा सिंह के घर पहुॅची और अपनी घटका का पूरा हाल प्रभा को सुनाया प्रभा ने कहा कि ठीक है चिन्ता मत करो आज है 26 जनवरी आज ग्राम सभा जरूर आना ग्रामसभा की बैठक हुई तो धनिया उसकी सास वहॉ पहुॅची बैठक की कार्यवाही भाुरू हुइ्र तो धनिया बैठक में अपनी घटना पूरा हाल सबको सुनाया, लेकिन ग्रामसभा में बैठे लोगों ने उसकी बातों को अनसूनी कर टालना चाहते थे तो प्रभा सिंह कहॉ चुप रहती प्रभा सिंह ने जोर चिल्लाकर कहा कि उस दुखी महिला की बातों को सुनने के लिए तैयार नहीं है तो काहे की ग्रामसभा है, काहे की बैठक है तो वहॉ उपस्थिति सभी लोगों ने आश्चर्य से चकित होकर प्रभा सिह की बातों पर गौर किया गया। प्रभा सिंह ने कहा कि यह बात सच है उस महिला के साथ न्याय होना चाहिये । तब ग्रामसभा की कार्यवाही रजिस्टर में उसका प्रस्ताव डलवाया बैठक में धनिया का पति भी बैठा था । प्रभा सिंह ने दो प्रति में आवेदन बनवाया और एक आवेदन बडवारा थाना में दिया और एक अपने पास रख लिया । और ग्रामसभा में बैठा पति को डराया धमकाया गया कि यदि आज के बाद भाराब पीकर ऐसी हरकतें करोगे तो सीधे जेल में बन्द कर दिया जायेगा, धनिया बाई का पति जेल का नाम सुनकर डर गया और उसी दिन से भाराब पीना बन्द कर दिया । धनिया अब बहुत खुश है और अपना जीवन अपने पति एवं बच्चों के साथ हॅसी खुशी गुजारने लगी।

¼3½

नाम – राधा बाई पटेल
पद – उप सरपंच
वर्ग – पिछड़ा वर्ग
शिक्षा – आठवी
उम्र – 36 वर्ष
ग्राम पंचायत – बरछेका
ब्लॉक बड़वारा, जिला कटनी म.प्र.

ikfjokfjd fLFkfr की बात तो यही है कि परिवार सम्पन्न घरानों मे से थी। राधा बाई को भी पर्याप्त समय घर से बाहर आने जाने को मिल जाता था। यही कारण था जिसके कारण से राधा बाई को पंच मे चुनाव लड़ने का तथा गांव की बदहाल स्थिति को बदलने का मौका मिला। पंच बनने के बाद राधा बाई को पंच पद से उपसरपंच पद के लिए चुना जिससे वार्ड का ही नही पूरे पंचायत के विकास कार्य को आगे लाऐगी।

*** jk/kk ckbZ milji p dk iz;kl ls ik= fgrxzkgh dk feyk ykHk ***

*** xjhch js[kk lwph eas uke tqMokdj isa'ku Lohd`r djk;k ***

वर्ष 2015 मे कटनी जिले से दूर बडवारा ब्लाक 35 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत बरछेका की उपसरपंच श्रीमती राधा बाई ग्राम विकास का काम तो करती है इसके बाद भी लोगों की नजर मे सही काम नही हो रहा है। राधा बाई को आइडिया हुआ की सबसे पहले वार्ड का सर्वे करना चाहिए जिससे अपने वार्ड की वास्तविक स्थिति का पता चल जायेगा। अपने वार्ड में सर्वे किया। वार्ड मे विभिन्न प्रकार की समस्याऐं देखने मे आई है जैसे गरीबी रेखा मे नाम जुड़वाना, पेंशन मे नाम जुड़वाना, इन्दिरा आवास दिलवाना इस प्रकार से विभिन्न प्रकार की समस्या सामने आई है। लेकिन तत्काल मे एक ही समस्या को लेकर पहले हल करने को सोंचा। जो कि रामसुन्दर पटेल अपने परिवार मे *2 cPpks dk lkFk jg jgk gS v'kh"k vkSj euh"k nks cPps gS* जिसमे से मनीष शारीरिक रूप से पूर्णतः विकलांग है जिसका पालन पोषण माता पिता कर रहे है। माता पिता कृषि कार्य मे लगे रहते है रामसुन्दर का बड़ा लड़का आशीष अपने छोटे भाई की देखभाल मे लगा रहता है। आर्थिक स्थिति बहुत ही कमजोर है जिसकी वजह से परिवार का पालन पोषण सही तरीके से नही हो रहा था। 1991 मे इनके परिवार का नाम गरीबी रेखा सूची मे जुड़ा था जो कि 2014 मे इनका नाम गरीबी रेखा से काट दिया गया अब तो इनके परिवार का खाना पीना नही चल रहा था।

राधा बाई उपसरपंच ने *02 vDVwcj dh xzkelHkk es jkelqUnj iVsy* का आवेदन लगवाया था राधा बाई ने ग्राम सभा में कहा कि यह व्यक्ति पात्र है इसको लाभ मिलना चाहिये तो ग्रामसभा में बैठे सभी लोगों ने राधा बाई की बातों को समर्थन किया लेकिन उसकी कार्यवाही किसी भी प्रकार से नही की जा रही थी। राधा बाई ने आवेदन की पावती लेकर *15 vDVwcj 2015* को *rglhynkj egksn; th ls vkxzg fd;k dh* पटेल का नाम जुड़ना चाहिए क्योंकि उसके परिवार मे दो बच्चे है वह भी एक विकलांग है। गरीबी रेखा सूची से नाम काटने पर मनीष का विकलांग पेंशन भी रूक गया जो लगभग पूरे 1 वर्ष होने जा रहे है विकलांग पेंशन भी मनीष का नही मिल पा रहा है ।

rglhynkj egksn; th के द्वारा कार्यवाही नही करने पर उपसरपंच राधा बाई ने *25 vDVwcj 2015* को बरछेका के महगवां गांव मे मुख्यमंत्री माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान का आगमन हुआ उसी समय सभी प्रशासनिक अधिकारी कटनी जिले के आये हुए थे। ग्रामसभा का अनुमोदित प्रस्ताव एवं तहसीलदार कार्यालय की पावती लेकर *eq[;ea=h Jh f'kojkt pkSgku th* को सौंप दिया जिसमे कलेक्टर महोदय को पत्र मे विचार करने को कहा गया। कटनी कलेक्टर श्री विकास सिंह नरवार जी ने तत्काल तहसीलदार बड़वारा श्री अनिल तलैया जी को कहा कि रामसुन्दर पटेल पात्र हितग्राही है इसका नाम अभी गरीबी रेखा मे जोड़ा जाये जिससे वह अपने परिवार का पालन पोषण कर सके।

हाल ही मे रामसुन्दर पटेल का नाम जोड़ते हुए कार्ड जारी करने के आदेश पंचायत सचिव को दिया गया। पटेल का ch-ih-,y- dkMZ 05 uoEcj 2015 esa cu x;kA अब पंचायत सचिव द्वारा बताया गया कि मनीष पटेल का विकलांग पेंशन भी स्वीकृत हो जायेगा जिसे आगामी महीने से पेंशन दिया जायेगा। यदि मनीष पटेल के परिवार का नाम गरीबी रेखा मे नही जुड़ता तो विकलांग पेंशन भी नही मिलता। गरीबी रेखा सूची मे नाम जुड़ने से fodykax isa'ku Hkh ikl gks x;kA

fnlEcj ekg dh iapk;r cSBd के दौरान उपसरपंच ने प्रस्ताव रखा की मनीष पटेल का नाम गरीबी रेखा मे जुड़ गया है आपको प्रस्ताव पास कर कार्यवाही पूर्ण करनी होगी जिससे विकलांग पेंशन भी शुरू हो जायेगी। बैठक के दौरान प्रस्ताव पास हुआ और tuojh 2016 से पेंशन मिलना शुरू हो गया। इस प्रकार से उपसरपंच राधा बाई ने अपने पंचायत को बदलकर दिखाने को ठाना है।

राधा बाई उपसरपंच अपनी जिम्मेदारी से पंचायत का काम कर रही है। महिलाओं को साथ लेकर निगरानी भी करती है और अपने वार्ड में जाकर निगरानी करती है jk/kk ckbZ जब से mi ljiap बनी है अपनी पंचायत में जाकर महिलाओं से मिलकर iapk;r dh ekfld cSBd ,oa xzke lHkk में महिलाओं को ले जाती है सरपंच को साथ में लेकर अपने गॉव की समस्याओं पर निगरानी रखती है जानकारी रखती है कोई भी काम हो काम करने के लिये आगे आती है और अब कोई झिझक नहीं रहती काम कराने राधा बाई को वह आत्म निर्भर बन गई है।

jk'ku nqdku dks Bhd fd;k ykxksa dks feyk ykHk &

वर्ष 2015 मे उपसरपंच राधा बाई यह पिछले कई सालों से समाज कार्य मे लगी हुई है । राधा बाई बिना पद के बहुत सारे काम किया है उसे लगता था कि पद का होना काम के जरूरी नही होता है । लेकिन 2015 के पंचायती चुनाव मे राधा बाई ने पंच पद हेतु पर्चा दाखिल किया पंच पद मे जीतने के बाद लोगों के पास जाकर समस्याओं को देखती थी हल कराने का प्रयास करती थी। मानव जीवन विकास समिति द्वारा महिला नेतृत्व कार्यशाला आयोजित होने के बाद अपने आप मे ताकत बढ़ी है। कार्यशाला मे उन्होने कार्ययोजना बनायी की हमें कौन से काम को कब और कहां करना है किसके सहयोग से करना है । उसी योजना के अनुरूप कार्यशाला से वापस जाने के बाद महिला जनप्रतिनिधियों के साथ मे मिलकर काम कराने की प्रकिया को अपनाया। सरकारी उचित मूल्य की दुकान गांव पर है वहां पर निगरानी करने का काम करना चालू किया।

राशन दुकान पर पिछले 2–3 महीने से राशन आ नही रहा था उसका पता लगाने की कोशिश किया लेकिन पता नही चला। 21 जुलाई की रात मे 1 बजे गांव मे ट्रक से खाद्यान्ह आया लोगों ने पंच सरपंचों को सूचना दिया की रात मे राशन आता है जिससे कुछ ही राशन आ पाता है बाकी का राशन प्रायवेट दुकानों मे बेंच दिया जाता है। ऐसा ही हुआ करीब आया से ज्यादा राशन मात्रा से कम था।

सेल्समैन श्री राजा को यह पता चल गया कि लोगों को यह सूचना लग गयी है कि खाद्यान्ह कम है और गाड़ी कही और गयी है जिससे राशन कही और दूसरे जगह बेंच दिया गया है । सेल्समैन ने जुलाई माह का राशन फिर से नही बांटने की रणनीति बनाई। गांव के लोगों ने पंच सरपंचों से राशन बंटवाने को कहा राधा बाई ने अपने वार्ड मे लोगों से कहा कि मै राशन जरूर बंटवाउंगी। सैल्समैन को लिखित आवेदन 1 अगस्त को दिया और एक सप्ताह मे राशन बांटने को कहा यह भी कहा गया कि यदि एक सप्ताह मे नही बांटेंगे तो आपके उपर कार्यवाही की जायेगी।

सेल्समैन श्री राजा ने 4 अगस्त को ही राशन बांटने पहुंच गया, राधा बाई पंच ने दुकान पर श्री रामदास को ले गई और सेल्समैन श्री राजा से बोली की आपको राशन तौलने के लिए श्री रामदास को रख लीजिए सेल्समैन ने बोला की नही हमारा व्यक्ति पहले से तौलने के लिए आया हुआ है। राधा बाई पंच ने बोली की लोगों का कहना है कि राशन

वजन मे कम हो जाता है। किसी तरह से सेल्समैन रामदास को एक दिन के लिए वजन करने के लिए रख लिया गया ।

राधा बाई पंच ने भी 4 अगस्त को राशन दुकान पर बैठे ही रह गई है दिन बीत गया आखिरी मे लगभग 35 हितग्राही राशन के लिए अपना कूपन लिए बैठे रह उनको राशन नही मिला। राधा बाई ने सेल्समैन को बुलाया और राशन का पता लगाने की कोशिश की जिसमे सैल्समैन कहा की अगले माह मिल जायेगा राशन जिन्हें इस माह नही मिला है। इस बात की कार्यवाही राधा बाई ने अपने साथी जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर हाल ही मै पंचनामा बनवाया और जिनको राशन नही मिला उनका और गवाहों का हस्ताक्षर युक्त आवेदन ब्लॉक खाद्य सहकारी समिति को दे दिया जिसमे समिति द्वारा कार्यवाही की गई जांच उपरान्त सेल्समैन श्री राजा को एक महीने के लिए कार्यमुक्त किया गया खाद्यान्ह की जांच की जा रही है । सितम्बर माह का खाद्यान्ह सभी को समय पर और पूरा मात्रा मे उपलब्ध हो गया। इस प्रकार के काम से गांव वालों ने राधा बाई पंच के काम से सभी खुश है।

fu;fer xzkelHkk gksus dh igy &

वर्ष 2016 मे राधा बाई उपसरपंच बताया की बरछेका पंचायत 2 गांवों मे फैली हुई पंचायत है इस पंचायत की कुल जनसंख्या 2373 है एवं 824 परिवार के लोग रह रहे है। बदलते दुनिया से बेखबर बरछेका मे आज भी पुरूषों का ही दबदबा समाज के हर फैसले पर रहता है। बरछेका मे जातिगत रूप से बहुसंख्या मे सामान्य वर्ग की जनसंख्या ज्यादा है। जिसके कारण पिछड़े वर्ग, आदिवासी व दलित वर्ग पर दबंगई से पेस आते है। गांव के हर फैसले व निर्णय सामान्य वर्ग के पुरूषों पर होता था।

पंचायत की बैठक एवं ग्रामसभा कभी साल छः महीने मे हुआ करती थी उसमे भी महिलाओं को अंदर नही जाने को मिलता था। ग्राम सभा का कोरम एवं कार्यवाही को बन्द कमरे मे सरपंच, सचिव द्वारा पूरा किया जाता था। रजिस्टर पदाधिकारियों के घर मे हुआ करता था रजिस्टर मे हस्ताक्षर दबावपूर्ण पंचों एवं गांव की जनता से करा लिया जाता था। राधा बाई ने ठाना है कागज पर उपसरपंच बनकर नही रहेगी इसीलिए उसने ग्रामसभा मे महिलाओं की भागीदारी पर काम करने का निश्चय किया। समस्या यह थी की गांव का विकास होने की वजह से सामान्य वर्ग के परिवार का विकास होता था। ऐसे मे पंचायत की हितग्राही मूलक योजना का लाभ भी गरीबों को नही मिल पा रहा था। चाहे इन्दिरा आवास की बात करें, चाहे पेंशन, बी.पी.एल. कार्ड की सुविधा, कपिलधारा कूप, मेड़ बंदी, बिजली, सड़क आदि सुविधाऐं नही मिल पाती थी। इससे लोगों की आर्थिक स्थिति मे सुधार नही हो पा रहा था।

उपसरपंच राधा बाई धीरे–धीरे संस्थाओं के सम्पर्क मे आने से उनकी बैठक, प्रशिक्षण मे भाग लिया उससे समझ मे आया की हम जनप्रतिनिधियों को तो सरकार के द्वारा बहुत से अधिकार दिये गये है जिससे हम अपनी पंचायत का बेहतर विकास कर सकते है अब हमे समझ मे आया कि पंचायत का विकास तो ग्रामसभा के हाथों मे सौंप दिया गया है । अब हमे ग्रामसभा मे पंचायत की सारी समस्याओं का प्रस्ताव रखना होगा। गांव के लोगों से सम्पर्क किया की आप सभी को ग्रामसभा मे जाना होगा अपनी–अपनी समस्याओं को रखनी है सभी वर्गो से महिला पुरूषों को आना है जिससे की अपना दबाव भी बना सके। 26 जनवरी 2016 की ग्रामसभा की सूचना किसी को नही दी गई पंचायत द्वारा और ग्रामसभा भी नही हुई लेकिन पंचायत बैठक मे जब गये तो सभी पंचो से ग्रामसभा कार्यवाही रजिस्टर मे हस्ताक्षर करने को बोला गया तभी पता चला की ग्रामसभा तो नही हुई है परन्तु हमसे रजिस्टर मे हस्ताक्षर क्यों कराया जा रहा है, सभी सदस्यों ने हस्ताक्षर करने से मना कर दिया।

आगमी ग्रामसभा मे जाने की तैयारी पहले से ही सभी लोगों ने मिलकर कर लिया। उपसरपंच राधा बाई के घर अप्रैल की ग्राम सभा का रजिस्टर हस्ताक्षर करने के लिए पहुंचा तो उसके मन मे आया कि मै इस बार की ग्रामसभा मे सभी को ले जाऊंगी और समस्याओं का प्रस्ताव भी रखेंगे। फिर एक रणनीति अपनाई कि सभी महिला सरपंच, उपसरपंच, पंच इकट्ठा रहेंगे और सभी महिला जनप्रतिनिधियों को अपने–अपने वार्डो से 10–10 महिलाओं को ग्रामसभा मे लाना है, बैठक मे सभी महिलाओं ने निर्णय को मान लिया। फिर सभी महिलाओं ने घर–घर जाकर महिलाओं को निकालना शुरू किये ग्रामसभा की जानकारी एवं अधिकार लोगों तक पहुंचाया गया। 14 अप्रैल 2016 को

ग्रामसभा मे 96 महिलाओं एवं 120 पुरूषों ने भाग लिया और अपने अपने समस्या के मुद्दों पर प्रस्ताव रखा। उनका प्रस्ताव पेंशन, इन्दिरा आवास, मुख्यमंत्री आवास, कपिलधारा कूप, पानी की समस्या आदि का प्रस्ताव लिखा गया।

1. **BPL** राशन कार्ड – 5। 2. इन्दिरा आवास – 1 । 3. शौंचालय – 5। 4. विकलांग पेंशन – 1 ।5. मेढ़ बंधान – 4 । 6. सीमांकन – 5 । 7. पशु शेड – 3 । 8. हैण्डपम्प सुधार – 1 । 9. सीसी सड़क – 1 । 10. पात्रता पर्ची – 5

ग्रामसभा मे लोगों को लाने मे गांव के पिछड़े एवं कमजोर वर्ग के लोगों का सहयोग रहा है। इसमे विरोध भी बहुत हुआ की गांव के लोगों का मानना था की पिछड़े एवं कमजोर वर्ग के लोग आगे न सके इनमे जागरूकता तो है नही जिससे हमारा विरोध करेंगे। हमारी शिकायत भी किसी नही कर सकते है। फिर भी राधा बाई ने गांव लोगों मे साहस बढ़ाया की आपका कुछ भी कोई नही बिगाड़ सकता है आप तो एक संगठित होकर रहे आपकी जरूर एक दिन जीत होगी। इस रणनीति एवं पद्धति का असर व परिणाम गांव के 96 महिलाओं एवं 120 पुरूषों तक पहुंचकर सभी लोगों के सोंच को बदल दिया। आगे की सोंच है गांव के प्रत्येक व्यक्ति तक सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ पहुंचे।

xjhch j[kk dkM cuok;k 2017 e &

राधा बाई पटेल पारिवारिक स्थिति सामान्य है बड़े कास्तकार खेतिहर है जिससे अपने परिवार का पालन पोषण करती है। पंचायत मे उपसरपंच बनने के बाद से अच्छा सराहनीय काम किया है। लोगों की समस्या को लेकर पंचायत और जनपद पंचायत मे चक्कर काटकर लोगों को उनके अधिकार दिलाने मे कोई कसर नही छोड़ी है। सरकार द्वारा चलाये जा रहे हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राही को दिलाने अथक प्रयास किया है। ऐसे ही कुछ इस साल भी लोगों का आना जाना शुरू हो गया कि हमारे पास गरीबी रेखा कार्ड नही है जिससे कारण हम पेंशन और अन्य सरकार की योजना का लाभ नही ले पा रहे है इसके लिए उपसरपंच ने प्रयास किया। हितग्राही स्वयं से पंचायत मे कई बार आवेदन दिया उनका काम नही हुआ। सरपंच सचिव कई वर्षो से आनाकानी करते आ रहे है। ऐसे ही समय बीतता गया वह परिवार गरीबी के चक्र मे फंसकर जीवन यापन कर रहे थे।

उपसरपंच अपने गांव में ग्रामसभा होने के पहले सर्वे किया जिसके पास बीपीएल कार्ड नहीं हैं और उनको बीपीएल कार्ड की आवश्यकता है। ऐसे 1 परिवार पाया गया जिनके पास गरीबी रेखा कार्ड नही बने है उन्हें कार्ड की जरूरत है। राधा बाई ने सभी लोगों से बात की और उनको आश्वसन दिया कि मैं आपका हक दिला के रहूँगी। 26 जनवरी 2017 को ग्रामसभा हुयी उन्होंने अपने गांव के लोगों को लेकर पहुँची और सबसे पहले हितग्राहियों का आवेदन बनवाया और गांव के ही राम जी गुप्ता को ले जाकर उनका आवेदन दिया और प्रस्ताव डाला। प्रस्ताव की कार्यवाही को लेकर जनपद पंचायत मे बातचीत किया लोगों की समस्या को बताया किसी पंचायत मे हुई गड़बड़ियों के कारण इनका नाम गरीबी रेखा पात्रता सूची से छूट गया है इनका नाम जोड़ दिया जाये मै बरछेका पंचायत की उपसरपंच हूँ मुझे लोग कहते है कि आप हमारा काम करवा दीजिये। 1 महीने बाद पंचायत के माध्यम से तहसील कार्यालय मे पता लगाया गया कि बरछेका पंचायत से जो सूची गरीबी रेखा सूची मे नाम जोड़ने के लिए आया था तो उस सूची का पता लगा जिसमे राम जी गुप्ता का नाम गरीबी रेखा सूची मे जोड़ दिया गया।

इस तरह से राधा बाई ने अपने गांव की समस्याओं को सुनी और उसके निवारण के लिये हर संभव प्रयास करती है। इस तरह से लोगों के काम और पंचायत के काम करने में पहल व विकास करती है।

o"k 2018 मे ग्रामसभा को सशक्त बनाया एवं गांव मे राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से 5 समूहों का निर्माण कराया है जिसके माध्यम से महिलाओं का जुड़ाव हुआ है वह अपनी बचत कर आय को बढ़ा रही है। गांव की महिलाऐं आत्म निर्भर बन रही है । ग्रामसभा मे महिलाओं की उपस्थिति बढ़ी है जिससे अपनी बात रखने मे मदद् मिल रही है।

¼4½

नाम – चंदा पटेल
पद – उप सरपंच, वार्ड कं. – 5
उम्र – 32 वर्ष
जाति – पटेल
वर्ग – पिछड़ा वर्ग
शिक्षा – आठवीं
ग्राम पंचायत – कुम्हरवारा
ब्लॉक बड़वारा, जिला कटनी म.प्र.

ikfjokfjd i"BHkfe % चंदा पटेल उप सरपंच कुम्हरवारा ग्राम पंचायत मे कटनी जिला मुख्यालय से लगभग 70 किलोमीटर दूरी पर अपने परिवार के साथ रह रही है। *jktuhfr* से इनके परिवार कोई रिस्ता नही था लेकिन वार्डवासियों के कहने से पंच के लिए चुनाव लड़ी और जीत कर उपसरपंच बन गई। *vkfFkd fLFkfr* सामान्य है घर परिवार मे अच्छी खासा खेती किसानी होने से परिवार चलाने मे कोई परेशानी नही होती है। *lekt e| vPN| dke* के बदौलत अपनी अच्छी छवि पूर्व से ही बनी हुई है समाज लिए जाने वाले निर्णयों मे भी चंदा के परिवार को बुलाया जाता है और खास बात यह है कि समाज मे महिलाओं के साथ किसी भी प्रकार का निर्णय लिया जा रहा हो उसमे चंदा को जरूर बुलाया जाता है चंदा ने समाज मे खुल कर भाग लेने वाली स्वच्छ छवि वाली महिला है।

i|f'k{k.k@cBd : द हंगर प्रोजेक्ट/मानव जीवन विकास समिति द्वारा प्राप्त प्रशिक्षण – संगठन निर्माण कार्यशाला, स्टैंडिंग कमेटी प्रशिक्षण, ब्लॉक स्तरीय बैठक, फेडरेशन कंसोलिडेशन मीटिंग, महिला हिंसा विरूद्ध अभियान की ब्लॉक स्तरीय बैठक, पंचायत बैठक, *dkj xi i|f'k{k.k ikIr* आदि मे भाग लेकर अपनी क्षमतावृद्धि को बढ़ाया है।

**d|ikf"kr cPph dk xkn y|] djkbl ,u-vkj-lh- e| Hkrhl ** 2015

कटनी जिला मुख्याल से 50 कि.मी. दूर *xke ipk;r dEgjokjk dh mi ljip pnk* बाई संस्थाओं के कार्यशालाओं से प्रशिक्षण प्राप्त अपने आप को आत्मनिर्भर मानती है। चंदा बाई को स्वयं मे ज्ञात हुआ की हम भी सरपंच से कम नही है तथा पुरूषों से कम नही है जो पुरूष यह सोंच रहे है कि महिलाऐं कुछ नही कर सकती है वह काम हम महिला जनप्रतिनिधियों ने करने को ठाना हैं और पांच साल मे करके दिखायेंगे। आप सभी को मालूम होगा की पंचायत मे बहुत से छोटे–छोटे काम है जिसे जनप्रतिनिधियों ने कभी करने को नही सोंचता है, मै *pnk ckbl mi ljip* वही काम करना शुरू करूंगी जिससे लोगों को लगे की उपसरपंच कुछ तो नही कर रही है।

गांव मे सभी प्रकार की विचारधारा वाले लोग रहते है । एक परिवार *firk feFkyi'k iVy ekrk iKk ckbl dh cPph 2 o"kh; ek/kjh d|ekjh dk ifjokj* ऐसा भी देखने को मिला जिससे की उस परिवार मे माता पिता के रहते हुए भी बच्चा कुपोषण के शिकार है वह सोंचते थे यदि हम बच्चा को दवाई कराने ले जाते है तो पैसा लगेगा वह हम नही सका सकते है। दूसरों के समझाने पर भी नही मानने वाले लोग है उस परिवार मे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता दोनों ने जाकर कुपोषण की पहचान किया है लेकिन बच्चा को *,uvkj lh- dUnz* जाने की बात कहो तो वह ले जाने से मना कर देते थे। इस बात की खबर चंदा बाई उपसरपंच को पता चली जिससे वह सोंचा की मै भी जाकर देखूं की आखिर मामला क्या है जिसकी वजह से वह बच्चे को एनआरसी. मे भर्ती नही करा रही है। चंदा बाई उपसरपंच *fnukad 25 vDVcj 2015* को *d|ikf"kr ifjokj firk feFkyi'k iVy ekrk iKk ckbl* के यहां पहुंची काफी बातचीत करने के बाद पता चला की हां हमारा बच्चा ही कुपोषित है। उपसरपंच ने कुपोषण के बारे मे पोस्टर, पम्पलेट ली हुई थी जिसके माध्यम से परिवार वालों को समझाया लेकिन वह परिवार समझ नही रहा था उनका कहना है हमारा बच्चा कुपोषित है आपको क्यों परेशानी है।

fnukad 1 uoEcj 2015 dks pank ckbZ आंगनवाड़ी केन्द्र जाकर निगरानी की जिसमे केन्द्र पर कुपोषित बच्चों का रजिस्टर बना हुआ है जिसमे सिर्फ उसी परिवार के बच्चे का नाम जिसे एनआरसी. केन्द्र मे भर्ती नही करा रहे है। तब उपसरपंच को लगा की अरे चलो हम ही बच्चे को एनआरसी. केन्द्र मे भर्ती करा दे जिससे हमारा पंचायत कुपोष्ण मुक्त होगा। कुपोषण पर काम किया जो कुपोषित बच्चा हैं उनके माता पिता से *fnukad 9 uoEcj 2015* को चंदा बाई गांव भ्रमण के दौरान कुपोषित परिवार से मिलकर बातचीत की तथा उनको समझाया कि इन बच्चों को एन.आर. सी. में भर्ती कराये वहां पर आपके बच्चे को दवाई एवं खान पान का समय समय पर ध्यान दिया जायेगा । जिससे आपका बच्चा स्वस्थ्य हो जायेगा इसके लिये आपको *14 fnu Hkrh* रहना पडेगा आपको वहॉ रहने पर बच्चा का ईलाज तो होगा साथ मे आपको जितने दिन रूक रहे उतने दिन का भत्ताा भी 1400 रू. दिया जायेगा ।

iVy d ifjokj okyks के नही समझने पर चंदा बाई ने गोद लेने का निर्णय लिया कहा कि मैं आपके बच्चा को गोद लेकर इसकी देखभाल करना चाहती हूॅ । तो बच्चे के माता पिता ने मना कर रहे थे कि हम अपना बच्चा आपको नही देंगे। *30 uoEcj 2015* को गांव मे महिला जनप्रतिनिधियों ने बैठक करने को सोंचा जिसमे कुपोषित परिवार के माता पिता को भी बुलाया गया। वहां पर बताया गया कि आपका बच्चा कुपोषित है जिसे ठीक कराना तुम्हारा फर्ज है । यदि आपको *,uvkjlh- dsUnz* मे भर्ती नही कराना है तो यह बच्चा हमें दे दो हम केन्द्र मे भर्ती कराकर ठीक करायेंगे। उपसरपंच चंदा बाई के बातों से बच्चे के माता पिता सहमती दी की जो आप बता रहे है वह सही है । तो आप बतायें कि बच्चे को कैसे एनआरसी. केन्द्र मे भर्ती करायेंगे। चंदा बाई ने कहा आज से इस बच्चे को मै गोद लेती हूं जिससे मेरी भी जिम्मेदारी होगी मै बच्चे को को भर्ती कराने से लेकर ठीक होने तक तथा ठीक होने के बाद भी सतत् इसका फॉलोअप करते रहूंगी।

दो महीने के बाद तीसरे महीने मे चंदा बाई ने उस बच्चे को एनआरसी. केन्द्र मे भर्ती कराने *4 fnlEcj dks* केन्द्र मे ले जा पाई और उस बच्चे को भर्ती कराया, 14 दिनों के बाद *cPph g"V i"V ek/kjh 2 o"kZ;* घर वापस *18 fnlEcj 2015* को आया जिससे परिवार मे हर्ष फैल गया कि चंदा बाई ने हमारे बच्चे का जीवन संवारा है यह एहसान को हम जिंदगी भर नही भूलेंगे।

*¼1½ **lMd fuekZ.k esa gks jgh Hkz"Vkpkjh dks jksdk** 2016*
*¼2½ **vkaxuokMh dk;ZdrkZ dh mifLFkfr fu;fer djk;k** 2016*
*¼3½ **LoPNrk dks ysdj 'kkSpky; cuok;k** 2016*

